<u>अलंकरण वितरण समारोह</u>

माननीय रक्षामंत्री श्री मनोहर परिकर ने आज राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर नई दिल्ली में आयोजित भव्य अलंकरण वितरण समारोह में भारतीय तटरक्षक कार्मिकों को शौर्य एवं सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया । रक्षा मंत्रालय एवं भारतीय तटरक्षक के वरिष्ठ अफसरों एवं उनके परिवार के लोगों ने अपनी उपस्थिति के द्‌वारा कार्यक्रम को सुशोभित किया ।

यह पदक सशस्त्र बल के अफसरों एवं कार्मिकों को उनकी निस्स्वार्थ निष्ठा, अदम्य साहस तथा विषम परिस्थितियों में शौर्य प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाता है । भारतीय तटरक्षक में शौर्य प्रदर्शन का सर्वोच्च पुरुस्कार राष्ट्रपति तटरक्षक पदक तत्पश्चात् तटरक्षक पदक है ।

माननीय रक्षामंत्री ने पदक प्रदान करने से पूर्व 50 कार्मिकों के समारोही गार्द का निरीक्षण किया । 34 अफसरों को शौर्य व विशिष्ट शौर्य प्रदान किया गया जिसमें 01 राष्ट्रपति तटरक्षक पदक, 04 राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा), 19 तटरक्षक पदक (शौर्य) तथा तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) सम्मिलित है ।

इस अवसर पर माननीय रक्षामंत्री ने पुरुस्कार विजेताओं एवं उनके परिवारजनों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनकी प्रशंसा की । राष्ट्र की विशाल समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में भारतीय तटरक्षक द्‌वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय तटरक्षक सौंपी गई भूमिका को निभाने में आवश्यक पोतों एवं वायु परिसंपत्तियों का संवर्धन करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है । माननीय रक्षामंत्री ने भारतीय तटरक्षक द्‌वारा महिला अफसरों की नियुक्ति की पहल की सराहना की । ये महिला अफसर भारतीय तटरक्षक स्टेशन मंडपम में प्रशिक्षणरत हैं तथा शीघ्र ही डोर्नियर एवं एअर कुशन वेकल में तैनात होने वाली हैं ।